## Safety Equipment to ONGC Staff

3419. SHRI GHUFRAN AZAM: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether any decision has been taken in the matter of procurement of safety equipment for ONGC staff;

(b) whether the offers of Public Sector Undertakings have not been given due consideration; and

(c) if so, facts and reasons therefor?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) and (b) Necessary safety equipments for the staff of ONGC engaged in oil exploration work are procured from various sources including Public Sector Undertakings.

(c) Does not arise.

## बिहार में तेल की खोज

3420. श्री चतुरानन मिश्र :
श्री कामेश्वर पासवान :

क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने पिछले सत्र में यह आश्वासन दिया था कि बिहार में तेल की खोज संबंधी कार्य की उपेक्षा नहीं की जायेगी और यह जारी रहेगा,

(ख) क्या सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान तेल की खोज के लिए बिहार के लिए कोई परियोजना स्वीकृत की है;

(ग) यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान कोई आबंटन न किये जाने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या यह भी सच है कि तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग ने बिहार में खोज कार्य बंद कर दिया है और यह अपनी संयंत्र मशीनरी और ए 1230 यू एफ—1 रिग मशीन को असम या किसी अन्य राज्य में भेजने के संबंध में पहले ही निर्णय कर चुका है; और

(ङ) यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी॰ शंकरानन्द): (क) से (ग) जी, हां 8वीं योजना में तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग बिहार के पश्चिम चंपारन जिले के कदमा में एक गहरे कूप का वेधन कर रहा है और उसकी 1230 एस॰ एल॰ के॰ भूकंपीय सर्वेक्षण की योजना है। इसके अतिरिक्त, आयल इंडिया लिमिटेड ने बिहार में 1225 एस एल के भूकंपीय सर्वेक्षण करने की योजना बनाई है।

(घ) और (ङ) यद्यपि तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान रिग को असम में स्थानान्तरित करने का निर्णय लिया है, बिहार में भूकंपीय सर्वेक्षण के रूप में अन्वेषी कार्य चलता रहेगा और इन सर्वेक्षणों के परिणामों पर आगे का वेधन कार्य निर्भर करेगा।

## तेल के आयात पर व्यय

3421. श्री अनन्त राम जायसवाल : क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्तीय वर्ष 1990-91 और 1991-92 के दौरान अलग-अलग कितनी मात्रा में तेल का आयात किया गया था और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कितनी मात्रा में तेल का आयात किए जाने का अनुमान है;

(ख) वित्तीय वर्ष 1990-91 और 1991-92 के दौरान उक्त आयात पर रुपयों के संदर्भ में कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की गयी थी और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कितने रुपये की विदेशी मुद्रा खर्च किये जाने का अनुमान है; और

(ग) वित्तीय वर्ष 1992-93 के दौरान पेट्रोल के आयात के लिए कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी॰ शंकरानन्द): (क) से (ख) आयातित तेल का विवरण और उसका मूल्य निम्नलिखित है:—

मात्रा एम एम टी में
मूल्य : रुपए/करोड़

| वर्ष | कच्चा तेल | मूल्य |
|---|---|---|
| 1990-91 | 20.70 | 6119 |
| 1991-92* | 23.99 | 7820 |

सरकार ने वर्ष 1992-93 के दौरान 26.66 एम एम टी कच्चे तेल के आयात का अनुमोदन कर दिया है।

*अनंतिम।